मध्य प्रदेश विशिष्ट मासिक सामयिकी- जनवरी 2021

➢ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने 'पंख अभियान' शुरू किया

- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रीय बालिका दिवस (24 जनवरी) के अवसर पर बालिकाओं के सशक्तीकरण और विकास में सहायता के उद्देश्य से 'बेटी बचाओ बेटी पढाओ' योजना के तहत 'पंख अभियान' की शुरुआत की।
- **पंख (PANKH):** 'P' का अर्थ protection (सुरक्षा), 'A' का अर्थ अपने अधिकारों के संदर्भ में awareness (जागरूकता), 'N' का अर्थ nutrition (पोषण), 'K' का अर्थ knowledge (ज्ञान) और 'H' का अर्थ health (स्वास्थ्य) है। यह अभियान एक वर्ष तक चलेगा।
- ***मध्य प्रदेश के संदर्भ में तथ्य***: हाल ही में, यूनेस्को ने मध्य प्रदेश में पन्ना टाइगर रिजर्व को 'बायोस्फीयर रिजर्व' का दर्जा दिया है।

➢ म.प्र. सरकार और आईआईएम इंदौर ने "आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश" का रोड़मैप तैयार करने हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

- इस एमओयू के तहत आईआईएम इंदौर म.प्र. सरकार को एक नई औद्योगिक नीति विकसित करने के साथ-साथ राज्य की व्यापार करने में सरलता की रैंकिंग में सुधार करने में मदद करेगा।
- रणनीतिक अभियानों को आईआईएम इंदौर द्वारा "ब्रांड मध्य प्रदेश" के लिए "आत्मनिर्भर एवं समृद्ध प्रदेश" के रूप में तैयार किया जाएगा।
- इसके अलावा आईआईएम इंदौर राज्य सरकार द्वारा आयोजित वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर के शिखर सम्मेलनों में समर्थन और परामर्श प्रदान करेगा।

➢ विप्रो ग्रुप म.प्र. सरकार के नॉलेज पार्टनर के रूप में कार्य करेगा

Gradeup MP State Exams Green Card Subscription
(MPPSC, MP Jail Prahari etc.)
Get unlimited access to all 45+ mock tests

- विप्रो कार्यान्वयन स्तर पर नई शिक्षा नीति के संदर्भ में मध्य प्रदेश के लिए एक नॉलेज पार्टनर के रूप में कार्य करेगा। विप्रो भोपाल, मध्य प्रदेश में एक विश्वविद्यालय स्थापित करेगा।
- विप्रो को विश्वविद्यालय विकसित करने के लिए 50 एकड़ भूमि आवंटित की गई है जिसका कार्य अगले 18 महीनों में शुरू होने की उम्मीद है।
- आईटी क्षेत्र में म.प्र के युवाओं के लिए अवसरों को विकसित करने हेतु, विप्रो, भोपाल में एक "सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट सेंटर" भी विकसित करेगा।
- अजीम प्रेमजी फाउंडेशन मध्य प्रदेश के 5 जिलों में सक्रिय है और भोपाल के जवाहर बाल भवन में "आदर्श आंगनवाड़ी" स्थापित करने के लिए तैयार है।

➢ **म.प्र में नॉर्थन कोल फील्ड, झारखंड में सेंट्रल कोल फील्ड और महाराष्ट्र में वेस्टर्न कोल फील्ड को सम्मानित किया गया**

- मध्य प्रदेश में नॉर्थन कोल फील्ड लिमिटेड को "कोयला मंत्री पुरस्कार 2020" से कोयला उत्पादन और उत्पादकता में उसके प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।
- यह पुरस्कार केंद्रीय कोयला और खनन मंत्री श्री प्रहलाद जोशी द्वारा प्रस्तुत किया गया था।

gradeup

➢ **मध्य प्रदेश डीबीटी के माध्यम से बिजली सब्सिडी प्रदान करने वाला पहला राज्य बन गया**

- जनवरी 2021 के महीने में म.प्र. प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से बिजली सब्सिडी प्रदान करने वाला पहला राज्य बन गया, इसलिए बिजली क्षेत्र में तीन उद्देश्य सुधारों में से एक को सफलतापूर्वक लागू किया गया।
- मध्य प्रदेश की इस उपलब्धि ने उसे सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 0.15% के बराबर ऋण प्राप्त करने हेतु योग्य बना दिया है।
- इसलिए, वित्त मंत्रालय ने पहले ही राज्य को खुला बाजार उधार के माध्यम से 1423 करोड़ रुपये की मंजूरी दे दी है।



- **म.प्र. ने जिम्मेदार पर्यटन को दोहराने हेतु केरल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए**

  - केरल सरकार द्वारा जिम्मेदार पर्यटन अवधारणा को 2017 में शुरू किया गया था ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पर्यटन आर्थिक कल्याण, समाज में स्थिरता और पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित कर सके।
  - समझौता ज्ञापन के संदर्भ में:
    - ✓ इसका उद्देश्य म.प्र में ग्रामीण समुदायों को विकसित करने के लिए एक टूल के रूप में पर्यटन का उपयोग करके उसी अवधारणा को दोहराना है।
    - ✓ समझौते के तहत केरल 16-बिंदु कार्यक्रम के तहत सेवाएं प्रदान करेगा।
    - ✓ आर.टी. मिशन के साथ, मध्य प्रदेश की ग्राम्य सुंदरता, जीवन और विरासत पर प्रकाश डाला जाएगा।

  तथ्यों की जांच: केरल की **वेम्बनाड झील** भारत की सबसे लंबी झील है।

- **विश्व का सबसे बड़ा फ्लोटिंग पावर प्लांट म.प्र. में है**

  - मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में नर्मदा नदी पर ओंकारेश्वर बांध पर 600 मेगावाट बिजली बनाने की क्षमता के साथ दुनिया का सबसे बड़ा फ्लोटिंग पावर प्लांट बनाया जा रहा है।
  - यह 2022-2023 तक बिजली उत्पादन शुरू कर देगा।
  - अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम, विश्व बैंक और पावर ग्रिड द्वारा 3000 करोड़ रुपये का अनुमानित निवेश किया गया है।

- **म.प्र. और आंध्र प्रदेश वित्त मंत्रालय द्वारा निर्धारित 4 सुधारों में से 3 को पूरा करने वाले पहले राज्य**

  - निम्नलिखित तीन सुधारों को पूरा करने के लिए दो राज्यों को मान्यता दी गई है: शहरी स्थानीय निकाय सुधार, वन नेशन वन कार्ड सुधार और व्यावसाय करने में सरलता में सुधार। वित्त मंत्रालय द्वारा निर्धारित चौथा सुधार विद्युत क्षेत्र (पावर सेक्टर) सुधार है।

gradeup



- क्योंकि दो राज्यों ने इन सुधारों को पूरा कर लिया है, इसलिए वे अब नए लॉन्च किए गए "कैपिटल एक्सपेंडिचर के लिए राज्यों को विशेष सहायता" योजना के तहत वित्त मंत्रालय से 1004 करोड़ रुपये की विशेष सहायता प्राप्त करने हेतु पात्र हैं।
- राशि का उपयोग राज्यों द्वारा स्वास्थ्य, बिजली, परिवहन, शिक्षा आदि क्षेत्रों में परियोजनाओं के कार्यान्वयन में किया जा सकता है।
- COVID-19 के कारण कर राजस्व में कमी का सामना कर रहे राज्यों द्वारा पूंजीगत व्यय को बढ़ाने हेतु वित्त मंत्री द्वारा "पूंजी व्यय के लिए राज्यों को विशेष सहायता" योजना की शुरूआत की गई थी।

➢ **मध्य प्रदेश में ट्राइफूड (TRIFOOD) पार्क**

- ट्राइबल को-ऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया और अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम ने मध्य प्रदेश राज्य में 5 ट्राइफूड (TRIFOOD) पार्क स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

❖ **ट्राइफूड (TRIFOOD) पार्क क्या है?**

- इस तरह के पार्क वन धन केंद्रों से कच्चे माल की खरीद करते हैं और फिर ट्राइब्स इंडिया स्टोर्स के माध्यम से, उत्पादों को देश भर में बेचा जाता है।
- इस तरह के पार्कों का ध्यान जनजातीय वन संग्रहकर्ताओं द्वारा एकत्र किए जाने वाले माइनर फॉरेस्ट प्रोडक्शन के अलावा जनजातीय आय को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।
- ट्राइफेड (TRIFED) की सलाह के तहत **वन कल्याण आश्रम** एसएचजी की पहचान, प्रशिक्षण, बुनियादी ढांचा और अन्य सहायता प्रदान करने के लिए जनजातीय क्षेत्रों में नए वन धन केंद्र बनाएगा।

➢ **96वां तानसेन संगीत समारोह**

- तानसेन संगीत समरोह का 5 दिवसीय 96वां संस्करण तानसेन के मकबरे के निकट ग्वालियर के बेहट गांव में आयोजित किया गया था।

Gradeup MP State Exams Green Card Subscription
(MPPSC, MP Jail Prahari etc.)
Get unlimited access to all 45+ mock tests

- इस कार्यक्रम का आयोजन उस्ताद अलाउद्दीन खान कला एवं संगीत अकादमी और संस्कृति विभाग, मध्य प्रदेश द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था।
- पं. सतीश व्यास, एक संतूर गुणी को तानसेन सम्मान 2020 से सम्मानित किया गया था। इस पुरस्कार में 1 लाख रुपये की राशि दी जाती है और ये हिंदुस्तानी संगीत के क्षेत्र में दिया जाता है।
- "अभिनव कला परिषद", भोपाल की एक संस्था को राजा मान सिंह तोमर पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया गया। यह संस्थान 52 वर्षों से संस्कृति के क्षेत्र में कार्यरत है।

gradeup

Gradeup MP State Exams Green Card Subscription
(MPPSC, MP Jail Prahari etc.)
Get unlimited access to all 45+ mock tests